पत्रिका

CG Crime News: नकली शराब बनाने वाले बड़े गिरोह का पर्दाफाश, पुलिस ने 7 लोगों को किया गिरफ्तार, लाखों का सामान जब्त

CG Crime News: राजनांदगांव जिले में नकली शराब बनाकर बेचने का खेल चल रहा था। पुलिस ने इस अवैध कारोबार में लगे सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले में यह नकली शराब बनाकर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश होने का यह दूसरा मामला है। एसपी त्रिलोक बंसल ने प्रेसवार्ता में बताया कि जिले के नर्मदा में शराब दुकान में बिकने वाली देशी शराब जैसी नकली शराब बनाकर परिवहन और बेचने की सूचना पर पुलिस की संयुक्त टीम तैयार कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे।

नर्मदा के मंदिर चौक स्थित मिर्जा वारिस बेग के मकान में दबिश के दौरान दो आरोपी समीर खान व सुखुराम बाइक से नकली शराब बिक्री करने ले जाते पकड़े गए। पूछताछ पर वारिस बेग द्वारा शराब दिए जाने की जानकारी के बाद पुलिस ने आरोपी वारिस बेग के घर व बाइक से 16.38 बल्कलीटर नकली शराब जब्त की गई।

इसी तरह जानकारी के बाद विचारपुर में आरोपी नरसिंग को पकड़ कर पूछताछ में उसने नकली शराब बनाने का भंडाफोड़ किया। बताया कि ग्राम रौंदा थाना धमधा में किराए के फार्म हाऊस लेकर वहां नागपुर से नकली शराब बनाने स्प्रीट, लेबल, सील मशीन सहित अन्य सामग्री बनाकर गांव में सप्लाई करता है।
फार्म हाऊस से पुलिस ने खाली बोतल, ढक्कन, सील करने मशीन, नकली होलोग्राम जब्त किया। आरोपियों से पुलिस ने 810 नग देशी शराब 145 बल्क लीटर, टाटा एस वाहन, एक मोटरसाइकिल, 60 हजार की स्प्रीरिट सहित कुल साल लाख 9 हजार रुपए से अधिक का सामान जब्त किया।

Source: https://www.patrika.com/rajnandgaon-news/cg-crime-news-7-people-arrested-for-making-fake-liquor-18972145